11-08-2021

## विश्व शेर दिवस

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भारत एशियाई शेरों का घर है, जो सासन-गिर राष्ट्रीय उद्यान के संरक्षित क्षेत्र में निवास करते हैं।
2. एशियाई शेर को वैज्ञानिक रूप से पेंथेरा लियो पर्सिका PANTHERA LEO PERSICA कहा जाता है। इनकी ऊँचाई लगभग 110 सेमी. होती है।
3. इन्हें वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची-I में सूचीबद्ध किया गया है, और IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में माना जाता है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- विश्व शेर दिवस हर साल 10 अगस्त को शेरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन शेर के संरक्षण के लिए समर्थन जुटाने का भी प्रयास करता है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- भारत एशियाई शेरों का घर है, जो सासन-गिर राष्ट्रीय उद्यान के संरक्षित क्षेत्र में निवास करते है।
- WWF के अनुसार शेर कभी पूरे अफ्रीका, एशिया और यूरोप में पाए जाते हैं। लेकिन अब इन महाद्वीपों में शेरों की संख्या कम हो गई है।
- एशियाई शेरों का वैज्ञानिक नाम से पेंथेरा लियो पार्सिका कहा जाता है, इनकी ऊँचाई लगभग 110 सेमी होती है।
- 2020 में गुजरात के गिर जंगलों में एशियाई शेरों की आबादी में लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शेरों के वितरण क्षेत्र में भी 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- इन्हें वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची-I में सूचीबद्ध किया गया है, और IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में माना जाता है।
- शेरों की रक्षा की पहल 2013 में शुरू हुई थी इसलिए पहला विश्व शेर दिवस 2013 में ही मनाया गया था। तभी से यह दिन शेरों की रक्षा के लिए संघर्ष का प्रतीक बन गया।
- एशियाई शेरों की अंतिम शेष आबादी गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान में पाई जाती है।
- वयस्क नर शेर का वजन 160 से 190 किलोग्राम के बीच होता है, और मादा का वजन 110 से 120 किलोग्राम के बीच होता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

## विश्व जैव ईंधन दिवस

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. ये पर्यावरण के अनुकूल ईंधन है, जो नवीकरणीय बायो-मास संसाधनों से प्राप्त होते हैं।
2. जैव ईंधन के उपयोग से कच्चे तेल पर आयात निर्भरता में कमी, स्वच्छ पर्यावरण किसानों को अतिरिक्त आय और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन किया जा सकता है।
3. पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण वे सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक लाभ प्रदान करता है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से हर साल 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- ये पर्यावरण के अनुकूल ईंधन है, जो नवीकरणीय बायो-मास संसाधनों से प्राप्त होते हैं।
- जैव ईंधन के उपयोग से कच्चे तेल पर आयात निर्भरता में कमी, स्वच्छ पर्यावरण किसानों को अतिरिक्त आय और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन किया जा सकता है।
- ये परिवहन ईंधन की तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत के पूरक है।
- पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण वे सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कार्यक्रम मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत और किसानों की आय बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार की पहल के साथ तालमेल में है।
- बाये-सीएनजी यह बायो गैस क शुद्ध रूप है, जिसकी ऊर्जा क्षमता और संरचना जीवाश्म आधारित प्राकृतिक गैस के समान है।
- बायो-डीजल यह गैर-खाद्य वनस्पति तेलों, एसिड तेल, प्रयुक्त खाना पकाने के तेल/पशु वसा और जैव-तेज से उत्पादित फैटी एसिड का मिथाइल या एथिल एस्टर।

## जायेद तलवार 2021

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. आईएनएस कोच्चि, फारस खाड़ी में तैनात 2 इंटीग्रल सागर किंग एमके -42 बी हेलीकॉप्टरों

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

के साथ अभ्यास में भाग लेगा।

2. इस अभ्यास में जहाजों ने 2 नौसेनाओं के बीच अंतरसंचालन और तालमेल में सुधार के लिए रणनीतिक योजना, ओवर होरोजन लक्ष्यीकरण, खोज और बचाव और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अभ्यास किया।

3. संयुक्त अरब अमीरात ने संयुक्त अरब अमीरात के अल-दफ्रा, एक बेनुनाह क्लास निर्देशित मिसाइल कॉर्वेट और एक एएस-565 पैंथर हेलीकॉप्टर क्लास के साथ भाग लिया

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में भारतीय नौसेना ने यूएई नौसेना के साथ द्विपक्षीय अभ्यास जायद तलवार 2021 किया। यह अभ्यास 8 अगस्त 2021 को अबू धाबी के तट पर हुआ।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु** :-

- आईएनएस कोच्चि, फारस खाड़ी में तैनात 2 इंटीग्रल सागर किंग एमके 42 बी हेलीकॉप्टरों के साथ अभ्यास में भाग लिया।
- संयुक्त अरब अमीरात ने संयुक्त अरब अमीरात के अल-दफ्रा, एक बेनुगाह क्लास निर्देशित मिसाइल कार्बेट और एक एएस-565 पैंथर हेलीकॉप्टर के साथ भाग लिया।
- भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दोनों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंधों के आधार पर मजबूत मैत्री संबंधों को आगे बढ़ाना है।
- इस अभ्यास में जहाजों ने 2 नौसेनाओं के बीच अंतरसंचालन और तालमेल में सुधार के लिए रणनीतिक योजना, ओवर होराइजन लक्ष्यीकरण, खोज और बचाव और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अभ्यास किया।
- सन् 1966 में अबू धाबी के गवर्नर के रूप में हिज हाइनेस शेख जारेड बिन सुल्तान अल नाहयान की नियुक्ति और बाद में 1971 में यूएई फेडरेशन के गठन के बाद यह संबंध और गहरा हुआ।
- अगस्त 2019 में संयुक्त अरब अमीरात ने दोनों देशों के बीच पुरानी दोस्ती और एकजुटता के विलय के लिए भारत के प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च पुरस्कार जायद ZAYED पदक प्रदान किया।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS